

फाउण्डेशन के पोस्टर का विमोचन करते हुए मुख्यमंत्री व अन्य।

## संक्षिप्त समाचार

### आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों ने मांगों को लेकर विरोध स्वरूप किया रक्तदान

**(संवाददाता)** देहरादून। आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों व सहायिकाओं के मानदेय में बढ़ोत्तरी किये जाने सहित अनेक समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर आंगनवाड़ी कार्यकत्री, सेविका मिनी कर्मचारी संगठन ने अपने धरने प्रदर्शन व क्रमिक अनशन को जारी रखा और मांगों के समाधान को विरोध स्वरूप रक्तदान किया। संगठन से जुड़ी हुईं आंगनवाड़ी कार्यकर्ता व सेविका बड़ी संख्या में प्रदेश अध्यक्ष रेखा नेगी के नेतृत्व में धरना स्थल परेड ग्राउंड में एकत्रित हुए और वहां पर अपनी मांगों के समाधान के लिए प्रदर्शन करते हुए धरना दिया। साथ ही क्रमिक अनशन को भी जारी रखा।

### राष्ट्रीय सेवा योजना का सात दिवसीय शिविर संपन्न

**(संवाददाता)** देहरादून। राष्ट्रीय सेवा योजना का सात दिवसीय विशेष शिविर फूलचन्द नारी शिल्प मंदिर गर्ल्स इंटर कालेज द्वारा धनवन्ती बाल मंदिर पब्लिक स्कूल में लगाया गया जिसका रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों के बीच समापन किया गया और विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किये गये। इस अवसर पर प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना के रिजनल डायरेक्टर रमेश पेडवाल मुख्य अतिथि थे। इस अवसर पर कार्यक्रम का प्रारंभ सरस्वती वंदना से किया गया और उसके बाद छात्राओं द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये।

### युवफोरिया के वाग्मिता में अश्मिता बडोनी को मिला स्वर्ण पदक

**(संवाददाता)** देहरादून। दून यूनिवर्सिटी की छात्रा अश्मिता बडोनी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 35वें नॉर्थ जोन इंटर यूनिवर्सिटी यूथ फेस्टिवल युवफोरिया 2019 में वाग्मिता में स्वर्ण पदक अपने नाम किया। इस फेस्टिवल का आयोजन एसोसिएशन ऑफ इंडियन यूनिवर्सिटीज, नई दिल्ली के तत्वावधान में गुरु नानक देव यूनिवर्सिटी में किया गया था।

### डीएम ने जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक में दिए जरूरी दिशा–निर्देश

**(संवाददाता)** सितारगंज। मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत द्वारा समस्त विभागीय सचिव व जिलाधिकारियों के साथ 09 एवं 10 जनवरी को राज्य सरकार की विभागीय प्राथमिकताएं, योजनाओं एवं सीएम मॉनिटरिंग डेस बोर्ड आदि की समीक्षा की जानी है। इसके लिए देहरादून में कार्यशाला का भी आयोजन किया गया है। कार्यशाला को देखते हुए जिलाधिकारी डा. नीरज खैरवाल ने जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक ली व आवश्यक दिशा–निर्देश दिये।

# सरकार के खिलाफ आर–पार की जंग शुरू

**मांग**

■ शीशमबाड़ा स्थित कूड़ा निस्तारण केंद्र को हटाये जाने की मांग

**आरोपः** क्षेत्रवासियों ने आरोप लगाया कि प्रदेश सरकार क्षेत्र के पांच लाख लोगों की साजिश के तहत हत्या कराना चाह रही है तो वहीं सेलाकुई चौकी में संबंधित आरोपियों के खिलाफ तहरीर पर अभी तक मुकदमा दर्ज नहीं किया गया जिससे आंदोलनकारियों में आक्रोश है। इस अवसर पर आंदोलनकारियों ने कहा कि मुख्यमंत्री को नैतिकता के आधार पर इस्तीफा दे देना चाहिए अन्यथा आंदोलन को तेज किया जायेगा।

देहरादून। **सवांददाता**

शीशमबाड़ा स्थित कूड़ा निस्तारण केंद्र को हटाये जाने की मांग को लेकर आन्दोलन कर रहे क्षेत्रवासियों ने कड़कड़ाती ठंड के बाद भी सरकार के खिलाफ आर–पार की जंग शुरू कर दी है और अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल पर राजेश शर्मा बैठ गये। इस अवसर पर राजेश शर्मा ने कहा कि सरकार जब तक इस प्लांट को नहीं हटाती है तब तक भूख हड़ताल को जारी रखा जायेगा। इस अवसर पर आंदोलनकारियों ने सरकार पर पांच लाख लोगों की जान से खिलवाड़ करने का आरोप लगाया। आंदोलनकारियों ने कहा कि या तो मुख्यमंत्री कूड़ा निस्तारण केंद्र को अन्यत्र शिफ्ट कर दें या फिर निस्तारण केंद्र की वजह से होने वाली मौतों, गंभीर बीमारियों और हवा पानी के प्रदूषित होने की जिम्मेदारी लें। क्षेत्रवासियों ने कहा कि क्योंकि निस्तारण केंद्र के उद्घाटन के दौरान मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत ने आश्वासन दिया था कि प्लांट से किसी तरह की कोई परेशानी नहीं होगी लेकिन अब क्षेत्र में महामारी फैल गयी है। सर्दियों के मौसम में भी डेंगू खत्म होने का नाम नहीं ले रहा है।

दून से ज्यादा डेंगू के मरीज वर्तमान में निस्तारण केंद्र की वजह से सेलाकुई में हो गए, लेकिन सरकार अभी भी गंभीर नहीं हो रही है। तीन महीने में सात लोग कैंसर की वजह से मौत के मुंह में चले गए हैं। क्षेत्रवासियों ने कहा कि इसके साथ ही हजारों लोग जलजनित बीमारियों की चपेट में आ गए हैं लेकिन सरकार पानी और हवा की जांच तक कराने को तैयार नहीं है।

### एनआरसी विरोध में तंजीम ए रहनुमा ए मिल्लत का प्रदर्शन

**संवाददाता** देहरादून। एनआरसी व नागरिकता संशोधन कानून में किये गये बदलाव के विरोध में तंजीम ए रहनुमा ए मिल्लत ने राजधानी में धरना प्रदर्शन किया। तंजीम ए रहनुमा ए मिल्लत से जुड़े हुए कार्यकर्ता व समाज के लोग बड़ी संख्या में धरना स्थल पर इकटठा हुए और वहां पर नागरिकता संशोधन कानून एवं एनआरसी और अब एनपीआर के खिलाफ प्रदर्शन कर धरना दिया। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि इस काले कानून को तत्काल प्रभाव से वापस लिये जाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि काले कानून को वापस लेने और मुस्लिम समाज पर उत्तर प्रदेश की सरकार द्वारा पुलिस के बल पर किये जा रह अत्याचार को तुरन्त रोकने के लिए सरकार को निर्देशित की जाए।

# बैठक में बढ़ते वायु प्रदूषण को नियंत्रित करने की कवायद

**निर्देश**

मुख्य सचिव ने विभागों को दिए कार्ययोजना बनाने के निर्देश

सड़क किनारे निर्माण सामग्री को एकत्र करने पर सख्ती से अंकुश लगाने के निर्देश

**संवाददाता**

देहरादून। सचिवालय सभागार में विगत दिवस मुख्य सचिव उत्पल कुमार सिंह की अध्यक्षता में बढ़ते वायु प्रदूषण को नियंत्रित किये जाने से सम्बन्धित कार्ययोजना बनाये जाने से सम्बन्धित बैठक आयोजित हुई। बैठक में मुख्य सचिव उत्पल कुमार सिंह ने परिवहन, नगर निगम, उद्योग, निर्माण कार्य से जुड़े विभागों को निर्देश दिए कि दूषित वायु से आम जन को निजात दिलाने के लिए वे अपने–अपने विभागों की कार्य योजना के साथ आगामी बैठक में आएं। उन्होंने विभागों द्वारा वायु प्रदूषण नियंत्रण के मध्यनजर अब तक किए गए प्रयासों की अद्यतन प्रगति के साथ बैठक में उपस्थित होने के निर्देश दिए। मुख्य सचिव द्वारा देहरादून, ऋषिकेश तथा काशीपुर में वायु प्रदूषण को रोकने के लिए अपनाए जाने वाले उपायों को शामिल करते हुए सम्बन्धित विभागों को आगामी बैठक में ठोस कार्ययोजना सहित प्रतिभाग करने के निर्देश दिए। इस क्रम में मुख्य सचिव द्वारा प्रबंध निदेशक परिवहन निगम को निर्देश दिए गए कि 15 वर्ष पुराने डीजल चलित वाणिज्यिक वाहनों को फेज ऑउट करने के सम्बन्ध में अन्य राज्यों के अनुभवों का भी अध्ययन किया जाए। उन्होंने वाणिज्यिक वाहनों हेतु सीएनजी एवं एलपीजी लागू करने, शत–प्रतिशत पीयूसी सार्टिफिकेट जारी करने, वाणिज्यिक वाहनों की निरंतर फिटनैस चेक करने आदि को भी भावी कार्ययोजना में शामिल करने के निर्देश एमडी परिवहन निगम तथा परिवहन आयुक्त को दिए। सड़क से उठने वाले धूल के नियंत्रण के संबंध में मुख्य सचिव द्वारा नगर निगम को सड़कों की निरंतर सफाई एवं जल छिड़काव करने, पैदलपथ पक्का करने, सड़क के किनारे वृक्षारोपण करने तथा शहर के खुले स्थानों व स्कूलों में सघन पौधारोपण के कार्यों को कार्ययोजना में सम्मिलित करने के निर्देश दिए।

उन्होंने निर्माण सम्बन्धी गतिविधियों के संबंध में कार्यदायी संस्थाओं को निर्माण साईडस को कवर कराने, सामग्री का भंडारण खुले में न करने, सड़क किनारे निर्माण सामग्री को एकत्र करने पर सख्ती से अंकुश लगाने के निर्देश दिए तथा तदनुसार कार्ययोजना बनाने के निर्देश निर्माण कार्य से जुड़े विभागों को दिए।

**जन जागरूकता कार्यक्रम चलायेः मुख्य सचिव**

मुख्य सचिव ने बैठक में तीनों शहरों में वायु प्रदूषण के स्त्रोत एवं वायु प्रदूषण में इनके योगदान के सम्बन्ध में लोगों को जागरूक करने के निर्देश दिए। मुख्य सचिव ने वायु प्रदूषण के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए स्कूलों एवं विभिन्न प्राधिकारियों के सहयोग से जन जागरूकता कार्यक्रम चलाने के भी निर्देश दिए। बैठक का संचालन करते हुए सदस्य सचिव प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड एसपी सुबुद्धि ने बताया कि एनजीटी द्वारा दिए गए निर्देशों के क्रम में वायु प्रदूषण में मुख्य रूप से देहरादून, ऋषिकेश व काशीपुर के संबंध में अवगत कराया गया है कि इन तीनों शहरों में वायु प्रदूषण की मात्रा निरंतर मानकों से अधिक आ रही है।

### नई बसों की खरीद में हुई गड़बड़ी के कारणों की जांच की मांग

**(संवाददाता)** देहरादून। उत्तराखंड परिवहन निगम द्वारा जो नई बसों की खरीद की गई उनमें गड़बड़ी होने के कारणों की जांच कराये जाने की मांग को लेकर कांग्रेस के एक प्रतिनिधिमंडल ने मुख्य सचिव उत्पल कुमार सिंह से भेंट की और इस मामले में तत्काल प्रभाव से कार्यवाही किये जाने का आग्रह किया। आज राजपुर रोड विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक राजकुमार के नेतृत्व में एक प्रतिनिधि मंडल ने मुख्य सचिव उत्पल कुमार सिंह से मुलाकात की और उन्हें ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में कहा गया कि नई बसे परिवहन निगम ने खरीदी तो हैं लेकिन उनमें गड़बड़ी होने के कारणों की जांच किये जाने की जरूरत है। ऐसा प्रतीत होता है कि उक्त मामले में सरकार और उत्तराखंड परिवहन निगम भ्रष्टाचार में लिप्त है क्योंकि उक्त मामले की सीबीआई जांच होनी चाहिए और संबंधित मंत्री व परिवहन निगम के अधिकारी इसमें लिप्त हैं तो उनके विरूद्ध कठोर कार्रवाई होनी चाहिए।

ज्ञापन में कहा गया कि सरकार दावा करती है कि जीरो टॉलरेंस की सरकार है गाड़ी आने से पूर्व निगम के अधिकारियों द्वारा लगभग दो माह गोवा में गाड़ियां उनकी देखरेख में बनी हैं जोकि एक गंभीर विषय है निगम को उक्त बसों से जो भी हानि हुई है उसकी क्षतिपूर्ति निगम के अधिकारी व सरकार से की जाये, क्योंकि परिवहन निगम व सरकार की छवि को धूमिल किया गया है।







**स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक**
**प्रदीप चौधरी**
द्वारा
एल.के प्रिटर्स,74/9,आराघर,देहरादून
से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड,
पी.ओ–राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
**संपादकः प्रदीप चौधरी**

**सिटी कार्यालयः**
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल
दर्शनलाल चौक, देहरादून।
**फैक्स नं०–**
0135-2650558
(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।